डेंगू नियंत्रण और रोकथाम के लिए भिलाई निगम का अमला सक्रिय, कंडम वाहन व पानी टंकी में मिला लार्वा, निगम की टीम ने वसूला 5 हजार का जुर्माना

भिलाईनगर। डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत बार-बार समझाईश देने के बाद भी जलजमाव करने वाले या लार्वा मिलने वाले घरो व दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी है। निगम की टीम निरीक्षण करते हुए अवंती बाई चौक पहुंची जहां एस.के. कंस्ट्रक्शन के यहां लंबे समय से खड़े हुए कंडम ट्रक तथा टूटी हुई सिन्टेक्स में मच्छर का लार्वा पाया गया। वाहन में जलजमाव पाया गया जहां मच्छर के लार्वा के उत्पत्ति हो रही थी जिस कारण संचालक से 5000 रूपए जुर्माना वसूलने के साथ ही टेमीफास् का उपयोग कर पानी खाली करवाया गया और सफाई कराई गई। इसके अलावा वार्ड 19 शास्त्रीनगर में एक मोबाइल दुकानदार द्वारा सड़क पर कचरा फेंकते हुए पाया गया दुकानदार को पूर्व में भी कचरा फेंकते हुए पाए जाने पर समझाईश दी गई थी बावजूद फिर से कचरा फेंकने पर दण्डस्वरूप दुकानदार से फेंके गए कचरे को उनसे झाड़ू लगवाकर साफ कराया गया ताकि दोबारा गंदगी फैलाने की पुनरावृत्ति न करे। बारिश के सीजन में जलजमाव की वजह मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है , चूंकि डेंगू के मच्छर गंदे पानी के बजाय साफ पानी में पनपता है , इसलिए घर के कूलर, छत में रखे गमले एवं बाहर में रखे हुए पात्र व टायर तथा दुकान में जाम पानी की जांच की जा रही है, अगर इन जगहों पर जांच में डेंगू का लार्वा मिलता है तो उन पर कार्यवाही की जा रही है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने दिए है। निगम क्षेत्र में डेंगू , मलेरिया, पीलिया व फाईलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए निगम का अमला सक्रिय है। डेंगू से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हर घर पहुंचकर लार्वा के स्रोत वाले स्थानों की जांच कर आवश्यकता अनुसार टेमीफास् व मलेरिया ऑयल का छिड़काव कर रहे है! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि डेंगू पर वार अभियान के तहत नागरिकों के घर के आस पास सफाई और पात्रों में भरे हुए पानी की सफाई करने तथा मौसमी बीमारियों से सतर्क रहने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वार्डों के भीतर घर या दुकान के कचरे को रिक्शा वाले को देने के बजाए इधर उधर फेंकने वालों पर भी निगरानी करते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है , ताकि शहर को साफ व स्वच्छ रखा जा सके और निकलने वाले कचरे का समुचित तरिके से निष्पादन किया जा सके। जुर्माना की कार्यवाही में जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा , स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह , जितेन्द्र तिवारी, विनोद पाण्डेय, मनोज तिवारी, अरविंद दुबे, रजनीकांत, अजीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहे।

Caps
MULTI UTILITY
AUTOCLEAN
CHIMNEYS